गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 28.01.2019 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 28.01.2019 को दोपहर 12:30 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई, बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदया की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :—

1.	प्रो0 अंजिला गुप्ता	अध्यक्ष
2.	प्रो0 ए.के. सक्सेना	सदस्य
3.	प्रो0 व्ही.डी. रंगारी	सदस्य
4.	प्रो0 जी.के. पात्रा	सदस्य
5.	प्रो0 व्ही.एस. राठौर	सदस्य
6.	प्रो0 मनीषा दुबे	सदस्य
7.	डॉ0 रेणु भट्ट	सदस्य
8.	प्रो0 पी.के. बाजपेयी	सदस्य
9.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
10.	प्रो0 एल.पी. पटैरिया	सदस्य
11.	प्रो0 एम.के. सिंह	सदस्य
12.	डॉ0 एम.एन.त्रिपाठी	आमंत्रित सदस्य
13.	प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :—

01 प्रो0 मनीष कुमार श्रीवास्तव

निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :—

विषय क्र. 01 विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 24.12.2018 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 24.12.2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

विषय क्र. 02 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव के अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक F.2-16/2002(PS)Pt.fl.II दिनाक 03.12.218 को लागू करने पर विचार करना।

स्थायी समिति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र पर विचार किया एवं इस संबंध में कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

विषय क्र. 03 विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं के अंतर्गत संशोधित कलचरल फेस्ट आयोजित किये जाने हेतु अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 11.01.2019 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना।

स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि सर्व प्रथम छात्र परिषद गठन हेतु चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न करा ली जाये।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त कलचरल फेस्ट आयोजन के संबंध में उचित निर्णय लेने हेतु संबंधित अध्ययनशाला के अधिष्ठाता अधिकृत रहेंगे। कलचरल फेस्ट का आयोजन विभाग एवं अध्ययनशाला के आवश्यकतानुसार विभागाध्यक्षों से चर्चा कर संबंधित अध्ययनशाला के अधिष्ठाता के माध्यम से किया जायेगा।

विषय क्र. 04 विश्वविद्यालय की VRET परीक्षा 2018–19 एवं VET परीक्षा 2019 के आयोजन हेतु अध्ययनशालाओं के अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 21.01.2019 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना।

स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत कार्यवृत्त दिनांक 21.01.2019 के विषय क्रमांक–2 के अधीन दी गई अनुशंसाओं ए एवं बी को अमान्य किया जाय तथा शेष अनुशंसाओं के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

विषय क्र. 05 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण संबंधी मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पत्र पर विचार।

स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जारी कार्यालयीय ज्ञाप के आधार पर विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिए 10प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था शैक्षणिक सत्र 2019–20 से पूर्ण रूप से सभी वर्गों के लिए सीटों का निर्धारण करते हुए लागू की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त आरक्षण को लागू करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2019–20 में प्रवेश हेतु सीट संख्या का निर्धारण इस प्रकार किया जाये कि प्रवेश हेतु सीट संख्या, उपलब्ध सीट संख्या के 1.25 गुना हो जाये। आरक्षित सीटों की संख्या का निर्धारण भी इसी प्रकार कर लिया जाय।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि उक्त आरक्षण व्यवस्था को लागू करने के लिए आवश्यक मूल–भूत सुविधाओं की मांग विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से की जाय एवं मांग का पूर्ण ब्यॉरा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रेषित किये जाने वाले पत्र में उल्लेखित किया जाय।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

28.01.19   28-1-19

कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव   **कुलपति / अध्यक्ष**